**गुहार** | पांच बच्चों सहित शिकायत करने पहुंचा पीड़ित परिवार

# गरीब आदिवासी का पीएम आवास तोड़ने जेसीबी लेकर पहुंचा रसूखदार



**नवभारत, बुढ़ार ।** बुढ़ार के मुरलिया बाग रोड स्थित एक प्रधानमंत्री आवास को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है। स्थानीय निवासी पुष्पेन्द्र कोल ने आरोप लगाया है कि बुढ़ार निवासी राजेश चमड़िया द्वारा उन्हें और उनके पूरे परिवार को जबरन घर से बेदखल करने, झूठे केस में फँसाने और जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं। पीड़ित पुष्पेन्द्र कोल का कहना है कि उनका मकान पिछले तीन पीढ़ियों से उनके परिवार के कब्जे में है, तथा उसी भूमि पर उनके नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विधिवत मकान निर्मित है। मकान का नगर पालिका टैक्स भी उनके पिता हीरालाल कोल के नाम से नियमित रूप से जमा किया जा रहा है। पुष्पेन्द्र कोल द्वारा अपने छोटे-छोटे पांच बच्चों के साथ पुलिस अघीक्षक शहडोल के समक्ष उपस्थित होकर बुधवार 28 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज कराई।

### तीन पीढ़ियों से काबिज है परिवार

पीड़ित पुष्पेन्द्र कोल का कहना है कि जिस जमीन पर विवाद किया जा रहा है उसमें बने मकान पर पिछले तीन पीढ़ियों से उनके परिवार का कब्जा है और वहीं निवासरत है। इसी भूमि पर उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी शासन द्वारा दिया गया है। पीड़ित के नाम पर यहाँ विद्युत कनेक्शन भी है। पीड़ित के अनुसार, नगर के रसूखदार व्यवसायी राजेश चमड़िया लगातार यह कहते हुए उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास कर रहे हैं कि मकान अवैध है और तत्काल खाली नहीं किया गया तो पूरे परिवार को झूठे मामलों में फँसाकर जेल भिजवा देगा या जान से मरवा देगा। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व उससे जबरन कागजों पर हस्ताक्षर कराने की कोशिश की गई, जिससे बचने के लिए उसे मौके से भागना पड़ा।


### जेसीबी लेकर पहुंचे घर तोड़ने

पुष्पेन्द्र कोल का कहना है कि 28 जनवरी 2025 को दोपहर लगभग 2 बजे राजेश चमड़िया कथित रूप से 20-25 लोगों और एक पटवारी के साथ पीड़ित के घर पहुँचा, घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गये और जेसीबी मशीन बुलाकर मकान तोड़ने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, पीड़ित परिवार पर निगरानी रखने के उद्देश्य से घर के सामने सीसीटीवी कैमरा भी लगवाया गया।घटना के बाद से पूरा परिवार भय और दहशत में है। पीड़ित का कहना है कि उन्हें किसी भी समय गंभीर अनहोनी की आशंका है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन और पुलिस से तत्काल हस्तक्षेप, निष्पक्ष जांच तथा जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर आरोप पर क्या कार्रवाई करता है।

### इनका कहना है

उक्त भूमि पूर्व में मनीष जैन की थी, जिसे मेरे द्वारा कलेक्टर की अनुमति से क्रय किया गया है। मनीष जैन द्वारा इन लोगों को चौकीदारी के लिए रखा गया था, हमारे द्वारा किसी का घर नहीं तोड़ा जा रहा है, सारी बातें दबाव बनाने के लिए की जा रही हैं। भूमि का विक्रय होने के बाद से उक्त व्यक्ति द्वारा आदिवासी होने का फायदा उठाकर ब्लैकमेल करने का प्रयास किया जा रहा है।

**राजेश चमड़िया, बुढ़ार**



# जयसिंहनगर में खंड स्तरीय आनंद उत्सव आयोजित

▶ खेल प्रतियोगिताओं से माहौल हुआ उल्लासमय

**नवभारत, जयसिंहनगर।** जनपद पंचायत जयसिंहनगर द्वारा आयोजित खंड स्तरीय आनंद उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज जयसिंहनगर महाविद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी समन्वय, सौहार्द एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। आनंद उत्सव के अंतर्गत कुर्सी दौड़, रस्सा-कस्सी, कबड्डी एवं क्रिकेट सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ सहभागिता निभाई, जिससे कार्यक्रम पूरी तरह जीवंत नजर आया।


कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष मालती सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं नगरपालिका परिषद जयसिंहनगर की अध्यक्ष सुशीला शुक्ला, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए।इस अवसर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी जयसिंहनगर काजोल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर शिवानी जैन, तहसीलदार सुषमा, अनुराग निगम (ए.पी.ओ.) सहित जनपद पंचायत एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल कर्मचारियों में टीम भावना, आपसी सहयोग एवं सौहार्द को मजबूत करते हैं, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक स्फूर्ति के माध्यम से कार्य दक्षता में भी सकारात्मक वृद्धि करते हैं। सभी विभागों के आपसी समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता से खंड स्तरीय आनंद उत्सव कार्यक्रम सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं अत्यंत सफल रहा।



# प्रधान डाकघर में अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**नवभारत, शहडोल ।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधान डाकघर, शहडोल में गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डाक अधीक्षक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि डाक विभाग की सेवा-परंपरा, अनुशासन, नवाचार तथा जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमें पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए सहायक डाकपाल एसएस जौहरी ने स्वयं के अनुशासन का सर्वत्र पालन करने का आह्वान किया। उप डाकपाल पुष्पेंद्र सिंह ने कर्मचारी एवं अभिकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का संदेश दिया। डाक निरीक्षक अमित दाहिया ने कहा कि हम गणतंत्र के अवसर पर यह प्रतिज्ञा करें कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करेंगे। कार्यक्रम में वर्षा राय, राम सुशील मिश्रा, पीडी रैदास, सफीक खान आदि ने उद्बोधन दिया।पोस्टमास्टर सुप्रियल मिंज दकार्यक्रम की सफलता हेतु सभी का आभार व्यक्त करते हुए टीम भावना, आपसी समन्वय एवं निरंतर प्रगति के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन निर्भय तिवारी ने किया।

# विकासखण्ड स्तरीय सामूहिक ध्वजारोहण कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त कर छात्रों ने विद्यालय का नाम किया रोशन



▶ विभाग के कसौटी मे खरे उतरे रवि द्विवेदी

**नवभारत, ब्योहारी।** शासकीय मॉडल स्कूल खड़हुली मे विभाग ने डॉ. रवि द्विवेदी पर विश्वास जताकर पदस्थ किया था। जंहा घाँस एवं झाड़िया पनप गयी थी वंहा आज जगमगाहट रहती है। 23 जनवरी बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन का आयोजन क्षेत्रीय विधायक शरद जुगलाल कोल के मुख्य अतिथि मे सम्पन्न हुआ। जिसमें विकास खण्ड ब्योहारी के लगभग सभी प्रचार्य, गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित हुए। जिसमें सभी ने एक स्वर से मुक्त कंठ से रवि द्विवेदी की सराहना की। विद्यालय की भव्यता एवं मॉ सरस्वती की झांकी अदभुत है। विगत कई वर्षो से ब्योहारी के खेल मैदान मे आयोजित कार्यक्रम मे मॉडल स्कूल के छात्र समलित नहीं हो रहे थे किन्तु इस वर्ष मॉडल स्कूल खड़हुली के छात्रों ने श्री द्विवेदी के नेतृत्व मे पहली बार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और पहली ही बार मे ही द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि रवि द्विवेदी एक कुशल वक्ता एवं नेतृत्व क्षमता के धनी है उनके मार्गदर्शन मे संस्था का विधिवत संचालन हो रहा है और विभाग द्वारा जो विश्वास उन पर जताया जाकर मॉडल स्कूल मे भेजा गया है उस पर श्री द्विवेदी खरे उतर रहे है और वास्तव मे संस्था का विकास हो रहा है।

# अनुशासन, मेहनत, प्रबंधन, और एकाग्रता से मिलती है सफलता : उपायुक्त

▶ विद्यार्थी जीवन का करें सदुपयोग, बनाए उज्जवल भविष्य- जे.पी. यादव, प्रेरणा संवाद का किया गया आयोजन




**नवभारत, शहडोल ।** संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य विभाग जेपी यादव की उपस्थिति में कन्या शिक्षा परिसर बुढ़ार में बेहतर जीवन की राह पर आधारित प्रेरणा संवाद का आयोजन किया गया। प्रेरणा संवाद को सम्बोंधित करते हुए उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने छात्रावास में निवासरत बालिकाओं से कहा कि छात्रावास में रहकर अपने जीवन को बेहतर बनाए। उन्होंने कहा की समय का प्रबंधन महत्वपूर्ण और अमूल्य है, जो समय की कद्र करता है, समय उसे ऊंचाइयों का अवसर प्रदान करता है समय के सदुपयोग से साथ तकदीर और तस्वीर दोनों बदलती है।

यह उम्र जीवन के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है समय लौट कर नहीं आता, इसलिए उसके एक एक पल का सदुपयोग करना है। माता-पिता ने जिन उम्मीदों और विश्वास से यहाँ आपको भेजा है उस पर खरा उतरने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि समय पालन, आत्म अनुशासन, कड़ी मेहनत और एकाग्र रहकर प्रयास करने से ही सफलता मिलती है। सही राह पर चलने से जीवन बेहतर बनता है, जबकि भटकने पर पूरी जिंदगी भटक जाती है। विद्यार्थी जीवन भविष्य बनाने और संवारने का है। आप सब मे अपार क्षमता और संभावनाएं है आत्म अनुशासन विकसित करें और जीवन में अग्रसर हों। जीवन में असफलता मिलने पर हार ना माने, बल्कि असफल होने का कारण ढूंढे और उनका समाधान करें । श्री यादव ने बच्चों को अपने संघर्ष पूर्ण जीवन की कहानी ज़मीं से आसमां तक सुनाकर प्रेरित किया। श्री यादव ने छात्राओं को कहा कि जो अवसर आपको मिला है उसका लाभ उठाकर जीवन को बेहतर बनायें । इस अवसर पर प्राचार्य वर्षा दुबे, शिक्षक एवं कन्या छात्रावास में निवासरत बालिकाए उपस्थित रहीं।

# साहिल सचिव और कोमल प्रसाद सह-सचिव नियुक्त

▶ मप्र वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने शहडोल जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**नवभारत, शहडोल।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ (वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन) ने संगठन को और मजबूत करने की दिशा में शहडोल जिला इकाई की कार्यकारिणी का विस्तार किया है। प्रांतीय नेतृत्व द्वारा जारी घोषणा के अनुसार, साहिल खान को शहडोल जिला सचिव तथा कोमल प्रसाद कुशवाहा को जिला सह-सचिव नियुक्त किया गया है। धनपुरी निवासी साहिल खान, जो दैनिक क्राइम दर्पण के संवाददाता हैं, अपनी निर्भीक और सक्रिय पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। वहीं दैनिक लकी राजनीति (जैतपुर) के संवाददाता कोमल प्रसाद कुशवाहा को जैतपुर क्षेत्र में सशक्त पत्रकारिता के चलते सह-सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई नियुक्तियों के बाद जिले के पत्रकारों में उत्साह देखा जा रहा है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# बीएसएनएल द्वारा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत शुरू

▶ ग्रामीणों को जल्द मिलेगा शुद्ध पेयजल, हफ्तों से बह रहा था हजारों लीटर पानी, लोग थे परेशान




**नवभारत, गोहपारू ।** बीते दिनों दूरसंचार विभाग द्वारा केबल बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त की गई पेयजल पाइपलाइन का मुद्दा अब सुलझता नजर आ रहा है। मीडिया द्वारा इस समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद विभाग की नींद टूटी और आज पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य आधिकारिक रूप से शुरू कर दिया गया।गौरतलब है कि पाइपलाइन टूटने के कारण पिछले कई दिनों से हजारों लीटर साफपानी सड़कों पर बह रहा था, जिससे न केवल जल संकट पैदा हो गया था, बल्कि रास्तों पर जलभराव के कारण राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय निवासियों ने कई बार विभाग से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### पत्रकारिता का दिखा असर

जैसे ही मीडिया ने इस समस्या को फेटो और वीडियो के साथ उजागर किया, शासन-प्रशासन हरकत में आया। आज सुबह ठैछस् और संबंधित विभाग की तकनीकी टीम मशीनों के साथ मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया।मरम्मत कार्य शुरू होने पर मोहल्ले वासियों ने खुशी जाहिर की है। स्थानीय ग्रामीण ने कहा, मीडिया की पहल की वजह से ही आज यह काम संभव हो पाया है, वरना प्रशासन सुनने को तैयार नहीं था।

**हादसा** | रेत माफियाओं का खूनी कारोबार, लगातार जा रही जानें

# बुढार में अवैध रेत ले जाते ट्रैक्टर पलटा,दबने से युवक की मौत



**नवभारत, शहडोल।** जिले के बुढ़ार क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को मिली कथित खुली छूट अब गरीब युवकों की जान निगलने लगी है। संगठित रेत माफिया के इशारे परमंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अवैध रेत का परिवहन कर रहे एक युवक की दर्दनाक मौत ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल कर रख दी है।बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत मरजाद-कुकुरगोड़ी नाला के पास अवैध रेत से भरा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक आकाश कोल उसके नीचे दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि युवक को बचाने का कोई मौका तक नहीं मिला।

### रेत का अवैध करोबार चरम पर

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेत माफिया खुद कभी सामने नहीं आता। वह गरीब, बेरोजगार और मजबूर युवकों को ट्रैक्टर थमाकर अपनी तिजोरी भरता है। जान जोखिम में डालकर काम करने वाले यही युवक हादसों में मारे जा रहे हैं, जबकि माफिया और उनके संरक्षक पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, नाले से अवैध रूप से रेत निकाली जा रही थी और उसे ट्रैक्टर से परिवहन किया जा रहा था। इसी दौरान असंतुलन के कारण ट्रैक्टर पलट गया। यह हादसा कोई दुर्घटना नहीं, बल्कि अवैध रेत कारोबार की सीधी परिणति माना जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिले में वर्तमान में रेत का कोई वैध ठेका नहीं है, इसके बावजूद छोटी-बड़ी नदियों और नालों से दिन-रात अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है। यह पूरा नेटवर्क संगठित रेत माफिया द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसे कथित तौर पर प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है। यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के दौरान कई युवक अपनी जान गंवा चुके हैं। हर बार कुछ दिनों का शोर, औपचारिक कार्रवाई और फिर वही अवैध कारोबार दोबारा शुरू हो जाता है। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों की मांग है कि रेत माफिया पर सख्त कार्रवाई हो, अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगे और इस मौत के लिए जिम्मेदार लोगों को हत्या के समान अपराध में आरोपी बनाया जाए।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

इस दर्दनाक हादसे के बाद एक बार फिर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सवाल यह है कि जब जिले में वैध ठेका नहीं है, तो खुलेआम रेत का उत्खनन और परिवहन कैसे हो रहा है? आखिर किसके संरक्षण में यह जानलेवा कारोबार फल-फूल रहा है? फिलहाल घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। लोग दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और अवैध रेत कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं।